बी.ई.एस.सी.133

# कला स्नातक
# (बी.ए.जी.)

सत्रीय कार्य

जुलाई 2021 एवं जनवरी 2022

सत्रों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.एस.सी. 133

पाठ्यचर्या, शिक्षण–अधिगम तथा आकलन

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

शिक्षा विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

## बी.ई.एस.सी. 133 : पाठ्यचर्या, शिक्षण–अधिगम  तथा आकलन

## सत्रीय कार्य (जुलाई 2021 एवं जनवरी 2022

## सत्रों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए)

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता हैः ;पद्ध सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और ;पपद्ध  सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का अधिभार 30 प्रतिशत तथा सत्रांत परीक्षा का अधिभार 70 प्रतिशत होता है।

आपको एक 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 3 तथा 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टी एम ए) करने हैं। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके कोर पाठ्यक्रम बी.ई.एस.सी. 133 : पाठ्यचर्या, शिक्षण–अधिगम  तथा आकलन का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है। यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य हैं जिनके अंकों का योगफल 100 है और अधिभार 30 प्रतिशत है।

सत्रीय कार्य – क में वर्णनात्मक वर्ग के प्रश्न हैं। इनमें आपको निबन्धात्म्क प्रकार के उत्तर लिखने हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु की ठीक से समझ ज्ञान को भली प्रकार और सुस्पष्ट रूप से व्यक्त करने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

सत्रीय कार्य – ख में मध्य स्तर वर्ग के प्रश्न हैं। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, यहाँ आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का आंकलन किया जाएगा।

सत्रीय कार्य – ग में, लघु वर्ग के प्रश्न हैं। ये प्रश्न आपकी व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ को पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी सत्रान्त परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सभी सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

सम्पूरित सत्रीय कार्य जमा करना

| प्रवेश सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
| --- | --- | --- |
| जुलाई 2021 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 30 अप्रैल 2022 | विद्यार्थी अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |
| जनवरी 2022 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | 31 अक्तूबर 2022 | |

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी और उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी अपने पास रखें।

अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। कृपया इस पर जोर दें। आपको मिले अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्यों में दिए गए सभी वर्गों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों के अनुसार देंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा।

1) नियोजन : सत्रीय कार्यों (प्रश्नों) को ध्यान से पढ़ें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में पुनःव्यवस्थित करें।

2) गठनः अपने उत्तर की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण जरूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें:
   सुनिश्चित करें कि आप के उत्तरः
   क) तर्क–आधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;
   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों; और
   ग) लिखत समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) प्रस्तुतिः जब आप अपने उत्तरों से स्वयं संतुष्ट हो जाएँ, तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम उत्तर साफ–साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हों, महत्वपूर्ण बिन्दुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

शुभकामनाओं के साथ!

शिक्षा विद्यापीठ

इग्नू

बी.ई.एस.सी. 133 : पाठ्यचर्या, शिक्षण–अधिगम तथा आकलन
अनुशिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य
(टी एम ए)

पाठ्यक्रम कोडः बीईएसई–133
सत्रीय कार्य कोडः बीईएसई–133/टीएमए/जुलाई 2021 और जनवरी 2022
पूर्णांकः 100

तीन सत्रीय कार्य है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## सत्रीय कार्य क

निम्नलिखित प्रत्येक के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1. हाई स्कूल पाठ्यचर्या से किसी एक विषय का चयन कीजिए और उस विषय के प्रभावी पाठ्यचर्या संव्यवहार के लिए प्रयोग की जाने वाली पाठ्यचर्या–सम्बन्धी और पाठ्यसहगामी क्रियाओं का विश्लेषण कीजिए। परीक्षण कीजिए कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किस हद तक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा (एन सी एफ 2005) को स्वीकार किया गया है। 20

2. अधिगम का आकलन, अधिगम के लिए आकलन और अधिगम के रूप में आकलन की अवधारणाओं की उदाहरणों की सहायता से परिचर्चा कीजिए। 20

## सत्रीय कार्य ख

निम्नलिखित प्रत्येक के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3. विद्यालयों में शिक्षकों की विविध भूमिकाओं की परिचर्चा कीजिए। 10

4. संज्ञानात्मक और असंज्ञानात्मक क्षमताओं (नान–काग्निटिव एबिलिटीज) में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिए। असंज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करना क्यों आवश्यक है? 10

5. कक्षाकक्ष में विद्यमान रहने वाली विविधता की संकल्पना की व्याख्या कीजिए। 10

## सत्रीय कार्य ग

निम्नलिखित प्रत्येक के उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।

6. आन–डिमांड परीक्षा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

7. कक्षाकक्ष प्रबन्धन के हस्तक्षेपवादी (इंटरवेंशनिस्ट), अहस्तक्षेपवादी (नान–इंटरवेंशनिस्ट) और अन्तःक्रियावादी (इंटरएक्टिविस्ट) मॉडल एक दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं? 5

8. शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में मानचित्र और ग्लोब का प्रयोग करते समय किन बातों का ध्यान में रखना चाहिए। 5

9. पाठ्यविवरण (सिलेबस) और पाठ्यचर्या में अंतर स्पष्ट कीजिए। 5

10. पाठ्यचर्या विकास में निहित सोपानों को सूचीबद्ध कीजिए। 5

11. वार्ता संरचना विश्लेषण (डिस्कोर्स स्ट्रक्चर एनल्सिस) में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण कौन से हैं? 5